

पाकिस्तानी महिला सहर कैसर ने आरोप लगाया था कि कोलकाता में उन्हें एक अस्पताल ने टीका नहीं लगाया फिर कल अलग निजी अस्पताल में एक स्पुतनिक लगवाई।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-163-● कटनी ● गुरुवार, 15 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## Windows 365 लॉन्च

# किसी भी डिवाइस में चलेगा विंडोज

अगर आपको भी इस बात से शिकायत रही है कि आप माइक्रोसॉफ्ट विंडोज को किसी अन्य सिस्टम में इस्तेमाल नहीं कर सकते तो आपके लिए खुशखबरी है। माइक्रोसॉफ्ट ने Windows 365 को लॉन्च कर दिया है जिसे कहीं भी, किसी भी डिवाइस में एक्सेस किया जा सकता है।Windows 365 को डेस्कटॉप, लैपटॉप और मोबाइल में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। Windows 365 को लॉन्च करने का मकसद क्लाउड पीसी की धारणा को सच करना है।Windows 365 को आप किसी ब्राउजर या वेब के जरिए एक्सेस कर सकते हैं।

### Windows 365 की उपलब्धता

माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक Windows 365 को सभी फॉर्मेट में 2 अगस्त से रिलीज किया जाएगा जिसके बाद किसी भी डिवाइस जैसे Mac, iPad, Linu& और एंड्रॉयड मोबाइल से भी इसे एक्सेस किया जा सकेगा। इसके साथ दो क्लॉउड पीसी कंफिग्रेशन मिलेगा जो कि Windows365 बिजनेस और Windows 365 इंटरप्राइज हैं। कीमत के बारे में कंपनी ने अभी तक जानकारी नहीं दी है।

### Windows 365 के फीचर्स

Windows365 के साथ आपको ठीक उसी तरह का अनुभव मिलेगा जैसा कि आपको किसी सामान्य विंडोज




कंप्यूटर या लैपटॉप में मिलता है। Windows 365 और रेगुलर विंडोज में यही फर्क होगा कि विंडोज आपको इंस्टॉल करना होता है और Windows 365 आप वेब ब्राउजर के जरिए एक्सेस कर सकते हैं। Windows 365 में आपको Windows 10 (या Windows 11) के सारे फीचर्स मिलेंगे।Windows 365 में भी यूजर्स को अपने सभी एप्स, टूल, डाटा और सेटिंग मिलेगी। सीधे शब्दों में कहें तो Windows 365 एक क्लाउड आधारित विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम है। इसका सबसे बड़ा फायदा बिजनेस और इंटरप्राइजेज को होगा।

### कई एप्स का मिलेगा सपोर्ट

माइक्रोसाफ्ट के मुताबिक Windows365 के साथ सभी तरह के बिजनेस एप जैसे microsoft 365 Dynamic 365 और Power Platform का सपोर्ट मिलेगा। माइक्रोसॉफ्ट एंडप्वाइंट मैनेजर भी Windows 365 के साथ काम कर सकेंगे। इसके साथ एंडप्वाइंट एनालिटिक डैशबोर्ट का भी सपोर्ट मिलेगा।

## राजद्रोहः अंग्रेज गांधीजी के खिलाफ इसका इस्तेमाल करते थे, क्या आजादी के 75 साल बाद भी हमें ऐसे कानून की जरूरत है?



सुप्रीम कोट ने सरकार से पूछा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशद्रोह विरोधी कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देती याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कानून अंग्रेजों के जमाने का है। अंग्रेज स्वतंत्रता आंदोलन को कुचलने के लिए इस कानून का इस्तेमाल करते थे। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने यह कानून महात्मा गांधी, बालगंगाधर तिलक जैसी हस्तियों की आवाज दबाने के लिए इस्तेमाल होता था। क्या हमें आजादी के 75 साल बाद भी ऐसे कानून की जरूरत है? हमारी चिंता इस कानून के दुरुपयोग को लेकर है। केंद्र सरकार अंग्रेजों के दौर के इस कानून को हटा क्यों नहीं देती?

### क्विक अपडेट



## बुजुर्ग महिला की हत्या कर शव के किए 20 टुकड़े

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में द्वारका जिले के मोहन गार्डन में उधार लिये गए रुपये वापस देने से बचने के लिए दंपती ने 72 साल की बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। आरोपियों ने महिला के छोटे-छोटे करीब 20 से अधिक टुकड़े कर दिए। बाद में शव को तीन बैग में डालकर नजफगढ़ नाले में फेंक दिया था। हत्या की इस सनसनीखेज वारदात को सुलझाते हुए पुलिस ने दंपती को यूपी के बरेली से गिरफ्तार किया है।

## पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा का जिम्मा भोपाल में जन्मीं सोनाली मिश्रा को

**भोपाल/जालंधर।** मध्यप्रदेश कैडर की 1993 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) की अधिकारी सोनाली मिश्रा जालंधर स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर की नई आइजी होंगी। ऐसी जिम्मेदारी का निर्वाह करने वाली वह देश की पहली महिला अधिकारी होंगी। सोनाली मिश्रा अभी दिल्ली स्थित बीएसएफ मुख्यालय में जी शाखा के रूप में जानी जाने वाली खुफिया शाखा का नेतृत्व कर रही हैं। वह बीएसएफ में ही कश्मीर घाटी में बतौर आइजी सेवाएं दे चुकी हैं।



## सोनिया गांधी से मिलने पहुंचे कमल नाथ

**भोपाल, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने उनके दिल्ली स्थित आवास 10 जनपथ पहुंचे। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी इस दौरान वहां मौजूद हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस में कमल नाथ को कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। कमल नाथ गांधी परिवार के काफी करीबी हैं और पहले भी पार्टी में काफी बड़े पदों पर रहे हैं। हाल में वे मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी। अहमद पटेल के निधन के बाद कमल नाथ पार्टी के कई महत्वपूर्ण फैसले लेने में शामिल रहे। पिछले कुछ दिनों से लगातार वे दिल्ली में ही थे।

## लगातार तीसरे दिन कोरोना केस में बढ़ोतरी, 24 घंटे में 41,806 नए मरीज मिले, 508 की गई जान



**नई दिल्ली।** देश में आज यानी गुरुवार को लगातार तीसरे दिन कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। बीते 24 घंटे में 41,806 नए मरीज मिले हैं और 581 लोगों की संक्रमण से मौत हो गई। वहीं 39,130 मरीज कोरोना संक्रमण को मात देकर अपने घरों को लौट गए। सात दिन बाद नए मरीजों की संख्या ठीक होने वालों से ज्यादा रही है। इससे पहले 7 जुलाई को 45,701 मरीजों की पहचान हुई थी और 44,529 ठीक हुए थे। भारत में 41,806 और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 3,09,87,880 पर पहुंच गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,32,041 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,095 मामलों की वृद्धि हुई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों की 1.39 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर 97.28 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को कोविड-19 के लिए 19,43,488 नमूनों की जांच की गई, जिससे अभी तक देश में इस महामारी का पता लगाने के लिए किए गए नमूनों की जांच की संख्या 43,80,11,985 हो गई है, जबकि दैनिक संक्रमण दर 2.15 प्रतिशत दर्ज की गई। यह लगातार 24 दिनों से तीन प्रतिशत से कम है। साप्ताहिक संक्रमण दर 2.21 प्रतिशत है।

# सेना को सब्जी सप्लाई करने वाला आईएसआई के लिए करता था जासूसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले आरोपी को पोखरण, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बीकानेर, राजस्थान निवासी हबीब खान(48) के रूप में हुई है। आरोपी को पहले हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के साथ-साथ भारतीय सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज उपलब्ध करा रहा था। शुरूआती जांच में ये बात सामने आई है कि उसने पोखरण सेना के आधार शिविर में तैनात भारतीय सेना के एक अफसर से गोपनीय दस्तावेज बरामद किए थे। ये भी माना जा रहा है कि सेना के कुछ और लोगों व कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आ सकती है। दिल्ली पुलिस ने इस बारे में अधिकारिक जानकारी देने से इनकार कर दिया।

दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आरोपी हबीब खान काफी समय से पोखरण में रह रहा था। वह भारतीय सेना में ठेकेदार के रूप में काम कर रहा था। पोखरण क्षेत्र में संचालित इंदिरा रसोई में सब्जी सप्लाई करने का ठेका भी उसके पास था। फिलहाल उसके पास सेना एरिया में सब्जी सप्लाई करने का ठेका था। इस कारण आरोपी की पहुंच सेना की रसोई तक थी। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले तक वह सेना के जांच के दायरे में भी आया था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने पोखरण, जैसलमेर पहुंचकर हबीब खान को मंगलवार को हिरासत में ले लिया था। आरोपी आईएसआई के लोगों से भी मिलकर उनको कागजात देता था। उसे आईएसआई से गोपानीय दस्तावेज देने के एवज में रकम भी मिली है। हबीब ने पूछताछ में दो-तीन लोगों के नामों का खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस सेना के अधिकारियों के साथ कई जगह दबिश दे रही थी। अपराध शाखा के अधिकारियों का कहना है कि हबीब खान जासूसी करने वाले गिरोह का एक सदस्य मात्र है। इस मामले में बुधवार रात तक दबिश चल रही थीं। ऑपरेशन पूरा होते ही इसके बारे में पूरी जानकारी साझा की जाएगी। माना जा रहा है कि जासूसी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने वाला है।



देश में गद्दारों की कमी नहीं



## टीम इंडिया के दो खिलाड़ी हुए कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यह सीरीज नियमित समय पर शुरू होगी या नहीं कुछ भी कहना मुश्किल है। इंग्लैंड में कोरोना के मामलों में तेजी से हो रही बढ़ोतरी का असर भारतीय टीम पर भी पड़ा है। खबरों के मुताबिक टीम इंडिया को 2 खिलाड़ी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। यह जानकारी मिलने के बाद खिलाड़ी को आइसोलेट कर दिया गया है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि टीम इंडिया में कोरोना संक्रमित खिलाड़ियों की संख्या बढ़ सकती है। टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने के बाद टीम इंडिया इन दिनों तीन हफ्ते के ब्रेक पर है।

### सफाई कर्मी का वेतन निकालने स्वच्छता निरीक्षक मांग रहा था पांच हजार

## कोरोना योद्धा को भी नहीं बख्शा

**ग्वालियर।** डफरिन सराय स्थित नगर निगम के जोन कार्यालय में लोकायुक्त की टीम ने छापा मारकर स्वच्छता निरीक्षक अशोक धवल को पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। टीम ने जब स्वच्छता निरीक्षक को पकड़ा तो वह धमकाते हुए विवाद करने लगा। जब मालूम चला कि लोकायुक्त की टीम है तब होश उड़ गए। आरोपित को एक सफाई कर्मचारी से रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि इसी कार्यालय में कुछ दिन पहले एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया था कि निगम में सूदखोरी का धंधा चल रहा है। साथ ही एक बाबू पर प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया था।नगर निगम के सफाई कर्मचारी लक्ष्मण का वर्ष 2018 का दो माह का वेतन रूका हुआ था। वह स्वच्छता निरीक्षक अशोक धवल के पास पहुंचा और वेतन निकालने के लिए गुहार लगाई। इस पर स्वच्छता निरीक्षक धवल ने दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी, बाद में मामला पांच हजार रुपये में तय हुआ था।पैसे देने के लिए लक्ष्मण ने अशोक धवल को सुबह पांच बजे पड़ाव डफरन सराय स्थित जोन कार्यालय पर बुलाया था। लक्ष्मण ने इसकी शिकायत लोकायुक्त में भी की थी। इसके चलते लोकायुक्त की टीम ने पांच हजार रुपये लेकर लक्ष्मण को तय समय पर जोन कार्यालय में पहुंचने के लिए कहा था।



# मोदी ने काशी में खोला सौगातों का पिटारा कोरोना पर योगी सरकार की थपथपाई पीठ

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी के दौरे पर हैं। साढ़े 10 बजे वह बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे, यहां से सीधा बीएचयू में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने बटन दबाकर 1475 करोड़ से ज्यादा की सौगात लोगों को दी। इसके अलावा जापान और भारत की दोस्ती के प्रतीक रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर का पीएम मोदी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में कोरोना की सबसे ज्यादा टेस्टिंग सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन करने वाला राज्य है। साफ-सफाई और स्वास्थ्य से जुड़ा जो इंफ्रास्ट्रक्चर यूपी में तैयार हो रहा है। आज यूपी में गांवों के स्वास्थ्य केंद्र हों, मेडिकल कॉलेज हों, एम्स हो, मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व सुधार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा प्रदेश जिसकी आबादी दुनिया के दर्जनों बड़े-बड़े देशों से भी ज्यादा हो, वहां कोरोना की दूसरी लहर को जिस तरह यूपी ने संभाला, कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका वो अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि मैं काशी के अपने साथियों का, यहां शासन-प्रशासन से लेकर कोरोना योद्धाओं की संपूर्ण टीम का विशेष रूप से आभारी हूं। आपने दिन-रात जुटकर जिस प्रकार काशी में व्यवस्थाएं खड़ी कीं, वो बहुत बड़ी सेवा है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ महीने हम सभी के लिए बहुत मुश्किल भरे रहे हैं। कोरोना वायरस के बदले हुए और खतरनाक रूप ने पूरी ताकत के साथ हमला किया था। लेकिन काशी सहित, यूपी ने पूरे सामर्थ्य के साथ इतने बड़े संकट का मुकाबला किया। पीएम मोदी ने कहा कि काशी के लोगों को मेरा प्रणाम। काशी के विकास से जुड़े 1475 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण करने का अवसर मुझे मिला है। जो कुछ भी हो रहा है वो सबकुछ महादेव का अशीर्वाद है।



## आज शेयर बाजार में बहार



**नई दिल्ली।** आज सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। इसके बाद कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स ने 53,229.38 का स्तर छुआ और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी पहली बार 15,940.65 के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा निफ्टी का मिड कैप इंडेक्स 27,752 अंक जबकि स्मॉल कैप इंडेक्स 10,364 के सर्वोच्च स्तर पर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 64.84 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 52,968.89 के स्तर पर खुला था। निफ्टी 18.20 अंकों (0.11 फीसदी) की तेजी के साथ 15,872.15 के स्तर पर खुला था। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 98.48 अंक या 0.18 फीसदी के नुकसान में रहा।

## हवा में मंडरा रही आतंकी साजिश

**जम्मू।** कश्मीर में खात्मे की कगार पर पहुंच चुके आतंकी संगठन अब जम्मू संभाग को निशाना बनाने की साजिशें रच रहे हैं। इसके लिए सीमा पार से ड्रोन का सहारा लिया जा रहा है। जम्मू में एक बार फिर से ड्रोन दिखाई दिया है। जम्मू एयरफोर्स स्टेशन के पास बुधवार रात को एक ड्रोन को देखा गया है। जिसके बाद सुरक्षाबल सतर्क हो गए। इससे पहले भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अरनिया और हीरानगर सेक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन की संदिग्ध गतिविधि से हड़कंप मच गया था। अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने आसमान में लाल रंग की लाइट देखते ही फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि यह पाकिस्तान ड्रोन था, जिसे वापस खदेड़ दिया गया। वहीं कठुआ के हीरानगर सेक्टर में स्थानीय लोगों ने ड्रोन जैसी आवाज सुनी। आसमान में पीले रंग की लाइट भी देखी। दोनों ही जगह एहतियातन तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन कोई भी आपत्तिजनक सामग्री या सुराग नहीं लगा। मंगलवार देर रात को अरनिया सेक्टर में करीब 200 मीटर की ऊंचाई पर लाल रंग की लाइट दिखाई दी।



कश्मीर में फिर दिखा ड्रोन

## हनीट्रैप का बने शिकार बने डाक्टर का अपहरण फिर मांगी पांच करोड़ की फिरौती, अब सकुशल छूटे



**आगरा।** आगरा पुलिस ने करीब 30 घंटे बाद शहर से अगवा किए गए वरिष्ठ चिकित्सक उमाकांत गुप्ता को धौलपुर के बीहड़ से सकुशल मुक्त करा लिया है। पुलिस ने एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बदमाशों ने पांच करोड़ रुपये की फिरौती के लिए चिकित्सक को अगवा किया था। इसके लिए सबसे पहले युवती ने चिकित्सक को हनी ट्रैप के जाल में फंसाया, इसके बाद लॉन्ग ड्राइव पर ले जाकर उनको अगवा कर लिया। पुलिस के अनुसार चिकित्सक का अपहरण बदन सिंह तोमर गैंग ने किया था। पुलिस की घेराबंदी करने पर बदमाश डॉक्टर को बसई डांग इलाके में छोड़कर भाग गए। पुलिस गैंग के सरगना व अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है।







# इन हाथों में छिपी है बदलते कश्मीर की कहानी

**श्रीनगर।** कभी कट्टरता की जंजीरों में जकड़ी घाटी की महिलाएं अब अपनी किस्मत खुद बदल रही हैं। इतना ही नहीं खुद के हुनर से लोगों को रोजगार भी मुहैया करा रही हैं। वैसे तो घाटी की कई महिलाएं अपने जज्बे के चलते देश-विदेश में नाम कमा रही हैं, लेकिन सामान्य और आतंकग्रस्त इलाकों की महिलाओं का आगे आना बहुत मायने रखता है। ये वही महिलाएं हैं जिनको लंबे अर्से तक कट्टरता की बेड़ियों ने जकड़े रखा है। ऐसी ही सफलता की एक कहानी अनंतनाग जिले के ऐशमुक़ाम की है। जहां रूबी अपने हुनर से पति और परिवार की मदद करने के साथ ही लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। रूबी कारपेंटर का काम करती हैं। उनके कारखाने में चार से पांच लोग काम करते हैं। जिसके बदले उनको अच्छी रकम मिलती है। रूबी का कहना है कि मैं अपने काम से बहुत खुश हूं। मुझे गर्व है कि अल्लाह ने मुझे इस काबिल बनाया कि मैं खुद के परिवार के साथ लोगों को रोजगार भी दे पा रही हूं। रूबी ने कहा कि बड़े परिवारों की महिलाएं और बेटियां अपना मुकाम हासिल कर पाती हैं लेकिन मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग की महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने जैसी महिलाओं और उनके परिवार के लोगों से कहूंगी कि वो आगे आएं और खुद को सशक्त करें। महिला सशक्तिकरण के जरिए ही समाज को बदला जा सकता है। रूबी की इस पहल और कदम के पीछे सबसे अहम बात ये है कि उनके पति भी इस काम से बेहद खुश हैं। रूबी के काम में वह मदद करते हैं। साथ ही काम में और निखार लाने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। उनके पति का नाम रियाज अहमद है।



## रुद्राक्षः शिवलिंग के आकार में बनाया गया, 186 करोड़ आई लागत



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर काशी की जनता को समर्पित कर दिया है। रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर भारत और जापान की दोस्ती को और मजबूती प्रदान करेगा। पूर्व जापानी पीएम शिंजो आबे ने गंगा की सौगंध लेकर बनारस में अपने मजबूत रिश्तों की सुनहरी इबारत लिखी थी। काशी और जापान की कला संस्कृति का प्रतीक रुद्राक्ष दुनिया के सामने नित नए आयाम लिखेगा।186 करोड़ की लागत से तैयार रुद्राक्ष शिवलिंग के आकार में बनाया गया है।

# राशि स्वीकृत, फिर भी नहीं हो रहा पनिहाई धाम का विकास

## प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ धार्मिक आस्था का केन्द्र भी है पनिहाई






**कैमोर। झुकेही से लेकर कैमोर और इसके आगे भदनपुर तक लगभग 35-40 किलोमीटर का उत्तरी क्षेत्र सघन पहाड़ी इलाका है। यह इलाका विंध्याचल के कैमूर पर्वत की श्रृंखला का एक हिस्सा है। संभवत: कैमूर पर्वत के कारण ही इस औद्योगिक नगर का नामकरण कैमोर के रूप में हुआ होगा। 35-40 किलोमीटर की इस पर्वत श्रृंखला में वैसे तो जगह-जगह प्राकृतिक सौंदर्य बिखरा पड़ा है पर कैमोर नगर से कुछ ही दूरी पर स्थित पनिहाई धाम की छटा ही निराली है। यहां कभी एक प्राचीन शिवमंदिर हुआ करता था जो काफी समय तक उपेक्षित पड़ा रहा पर अब शिवभक्तों एवं धर्मप्रिय नागरिकों के सहयोग से यह मंदिर भी भव्य रूप ले चुका है। भक्तों ने न केवल शिवमंदिर का जीर्णोद्वार कराया है बल्कि शिव प्रतिमा के बगल से ही रूद्रावतार पवन पुत्र श्री हनुमान एवं शिव- गौरी नंदन श्री गणेश की प्रतिमा भी स्थापित करा दी है। पूरे मंदिर परिसर का कायाकल्प हो चुका है। यहां कभी न सूखने वाला प्राकृतिक जलकुंड है। जिसमें पहाड़ी के भीतर से झरने के रूप में निकलने वाला पानी पूरे साल जमा रहता है। कुंड के इस पानी की भी अपनी अलग महिमा है।**

### विधायक संजय पाठक ने दिलाए 50 लाख

पनिहाई धाम को एक विकसित पर्यटन स्थल बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की ओर से विशेष पहल की गई थी। विधायक श्री पाठक ने पनिहाई धाम के विकास के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से 1 करोड़ रूपए की राशि मांगी थी। विधायक की इस मांग पर मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से 50 लाख की राशि स्वीकृत होकर नगर परिषद को प्राप्त भी हो गई थी पर नगर परिषद द्वारा तैयार किये गये डीपीआर में कुछ त्रुटियों के चलते वन विभाग की ओर से इस प्रोजेक्ट पर आपत्ति लगा दी गई और कार्य नहीं हो सका। बाद में विधायक संजय पाठक ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से चर्चा कर पनिहाई धाम के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर कराया। अब नगर परिषद द्वारा नए सिरे से प्रस्ताव एवं डीपीआर तैयार किया जाना था पर पिछले 7-8 महीने से कोई पूर्णकालिक सीएमओ नहीं होने के कारण इस दिशा में प्रयास आगे नहीं बढ़ पा रहा। कुल मिलाकर कैमोर स्थित पनिहाई धाम में एक आदर्श मनोरंजक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की असीम संभावनाएं हैं। नगर परिषद अपने इस दायित्व को कब तक पूरा कर पाएगी लोगों को इसका बेसब्री से इंतजार है।

### सबसे पहले एसीसी ने की जीर्णोद्वार की पहल

कई वर्षों तक पनिहाई धाम और यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर उपेक्षित सा रहा। निर्जन और सघन वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना भी कम ही होता था। कभी एसीसी के महाप्रबंधक के रूप में आए एम.एम. राजोरिया का ध्यान उपेक्षित पड़े इस रमणीय स्थल की ओर गया और उन्होंने इसके जीर्णोद्वार के प्रयास प्रारंभ किए। उनके प्रयासों से ही यहां मंदिर तक पहुंचने के लिए पक्की सीढ़ियों का निर्माण कराया गया। साथ ही एसीसी की ओर से विद्युत लाइन खींचकर यहां प्रकाश व्यवस्था भी की गई। कुछ मरम्मत कार्य और रंगरोगन भी उन्हीं के कार्यकाल में हुआ।

### ब्रम्हलीन संत केदार गिरी की तपस्थली

कैमोर के उत्तर दिशा में विशाल पर्वत की तराई में स्थित पनिहाई धाम सालों पहले से कैमोर वासियों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। शिवमंदिर के कारण लोगों की आस्था भी इस स्थान से जुड़ी रही। यहां कई साल केदार गिरी नाम के एक संत तपस्या लीन रहे हैं जो इस निर्जन वन स्थल पर एक कुटी बनाकर रहते थे। तीन-चार साल पहले दीर्घायु प्राप्त कर संत केदार गिरी ब्रम्हलीन हो गए। जिनकी समाधि भी उनकी कुटिया के सामने स्थापित की गई है। पनिहाई धाम आने वाले श्रद्धालु इस समाधि की परिक्रमा कर यहां अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। अब यहां मां दुर्गा, महाकाली, नंदी महाराज आदि की भी प्रतिमाएं अलग-अलग स्थानों पर स्थापित हैं। पूरा पनिहाई धाम न केवल प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि परिपूर्ण है बल्कि श्रद्धाभक्ति और आस्था का भी एक प्रमुख केन्द्र है। विशेष पर्वों पर यहां विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन होता है।

### दानवीर और समाजसेवियों ने भी संभाली कमान

एसीसी के प्रयासों से मंदिर को जो भव्य रूप मिला था वह ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह सका। एक बार फिर लोगों का आना-जाना कम हुआ और यह स्थल वीरान सा होने लगा था। इक्का-दुक्का लोग ही मंदिर तक पहुंच पाते थे। बाद में लोगों ने मंदिर को भव्य स्वरूप देने अपना योगदान देना शुरू किया। किसी ने मंदिर के लिए बोर कराया तो किसी ने पक्का निर्माण कर टाईल्स आदि लगाने की व्यवस्था की। कुछ समाजसेवी संस्थाओं और युवाओं ने मंदिर में प्रवेशद्वार लगवाया, झूले और बेंच आदि लगवाकर इसे एक मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित किया। इस कार्य में नगर की सामाजिक एवं सांस्कृति संस्था तपस्या, युवा उद्योगपति आशिक बेग, गगन ग्रोवर, अविनाश ग्रोवर, एस.के.शर्मा, डी.के. प्यासी आदि धर्मप्रेमी समाजसेवियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। नगर परिषद द्वारा भी यहां सौंदर्यीकरण का काफी कार्य किया गया है। एक स्टापडेम का निर्माण भी नगर परिषद ने ही कराया है।



## गहोई वैश्य नवुयवक मंडल ने कराई महाआरती

**कटनी।** गहोई वैश्य समाज कटनी की अंतरंग संस्था नवयुवक मंडल के सौजन्य से कल महाप्रभु जगदीश स्वामी की महाआरती का आयोजन पूरे भक्तिभाव से किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से हितेश बिलैया, दीपक नौगरैया, शेखर महतेले, साहिल सुहाने, वासु कस्तवार, पंकज सोनी और उनकी टीम की उपस्थिति रही। इस धार्मिक आयोजन में समाज के सभी पंचगण और ट्रस्ट के सभी सदस्य उपस्थित हुए और सारे जग के स्वस्थ व मंगल की प्रार्थना की।

## अभिलेखों के समुचित संचालन, संधारण हेतु निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी के समस्त विभागों की विभागीय नस्तियों, अभिलेख का समुचित ढंग से रख-रखाव एवं संचालन संधारण करने, पूर्व संधारित नस्तियों, अभिलेखों को आवश्यकतानुसार यथासमय ही प्रस्तुत करनें हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने निगम के समस्त विभाग प्रमुखों को अपने विभाग, सौपी गई योजनाओं, कार्यों से संबंधित समस्त नस्तियों अभिलेखों को सूचीबद्ध कराते हुए वर्षवार अभिलेख संधारण की व्यवस्था कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

## स्वच्छता की अलख जगाने निकली प्रभात फेरी

### मोहल्ला सभाओं का भी हुआ आयोजन





**कटनी।** स्वचछ सर्वेक्षण 2021 के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता गतिविधियों से अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें हेतु निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा जालपा देवी वार्ड की चौधरी बस्ती, काली माता मंदिर मार्ग, आदर्श कॉलोनी मोड आदि स्थलों में मोहल्ला सभा एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थित जनों एवं क्षेत्रीय रहवासियों को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज की गतिविधियों से अवगत कराया जाकर हैल्पलाईन नंबर 14420 का उपयोग कर मशीन द्वारा सेप्टिक टेंक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई करानें हेतु की जानकारी प्रदान की गई।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे D.ORTHO, DNB कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल MBBS., DDV पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था

## आप की यूथ विंग एवं छात्र इकाइयों का हुआ गठन



**कटनी।** गत 13 जुलाई को आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में प्रदेश सचिव आशीष सिंगरहा के मुख्यातिथ्य व प्रवक्ता डॉ ओम बाबू जांगिड़ की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी रणनीति पर विचार विमर्श हुआ व दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश प्रभारी गोपालराय व प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह के द्वारा नियुक्त पार्टी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। कटनी जिला कार्यकारिणी विस्तार व यूथ विंग, सीवायएसएस की घोषणा की। आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, यूथ विंग के जिलाध्यक्ष लकी सिंह रावत, सीवायएसएस के जिलाध्यक्ष ओम त्रिसोलिया, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, जिला कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, जिलाउपाध्यक्ष विनोद शर्मा, जिलाशोसल मीडिया प्रभारी दीपक आजाद, जिला कार्यालय प्रभारी अभिषेक बजाज, जिला विधि प्रकोष्ठ में जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी एडवोकेट, जिलाउपाध्यक्ष रंजीत सिंह चौहान एडवोकेट, जिला सचिव संतोष कटियार एडवोकेट, जिला सह सचिव सीतू सिंह एडवोकेट, जिला यूथ विंग में जिलाध्यक्ष लकी सिंह रावत, नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, आशु, जिलाउपाध्यक्ष प्रतीक पाठक, कोषाध्यक्ष हर्ष पांडेय, सचिव सूरज रावत, जिलाउपाध्यक्ष सत्यम रजक, सोसल मीडिया प्रभारीशुभम दुबे, मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह परिहार, वार्ड 3 अध्यक्ष अमन कुशवाहा, वार्ड-अध्यक्ष मनीष यादव, वार्ड 7 अध्यक्ष गौरव सेन, वार्ड 4 अध्यक्ष विजय प्रकाश यादव, सक्रिय सदस्य डी पी साहू, सीवायएसएस छात्र युवा संघर्ष समिति में अध्यक्ष ओम त्रिसोलिया, उप. अध्यक्ष पवन सैनी, कोषाध्यक्ष आयुष द्विवेदी, सचिव नितिन साहू, कार्यक्रम संयोजक अभी तिवारी, तहसील प्रभारी ओम तिवारी, मीडिया प्रभारी कुलदीप प्यासी, सह सचिव अनीष निषाद, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह ने शुभकामनाएं दी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 15 जुलाई 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# एक साल में भी नहीं बन पाया यात्री प्रतीक्षालय शेड

## मुड़वारा स्टेशन में रेलवे की लेटलतीफी से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

कटनी। शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर शेड विस्तार का काम एक साल में पूरा नहीं हो सका। इसका सीधा खामियाजा उन यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। जिनकी ट्रेन रात के समय इस प्लेटफार्म पर आती है। रात के समय यात्रियों को ट्रेन से उतरकर बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। प्लेटफार्म पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से इंजन की ओर के डिब्बे के यात्रियों को अंधेरे के बीच ही प्लेटफार्म पर चलकर ओवरब्रिज तक पहुंचना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि इतना ही नहीं काम करवा रहे ठेकेदार ने गिट्टी व दूसरी निर्माण सामग्री प्लेटफार्म पर ही रख दी है। अंधेरे के कारण इसमें कई यात्री गिरकर चोटिल हो रहे हैं।



### दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों का प्रमुख स्टेशन है मुड़वारा

शहर में वैसे तो तीन रेलवे स्टेशन हैं लेकिन दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनें कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर ही रुकती हैं। इसमें जबलपुर, बिलासपुर, सतना और सिंगरौली की ओर से आकर दिल्ली व राजस्थान की ओर जाने वाली ट्रेनें प्रमुख हैं।

### लॉकडाउन के दौरान हो सकता था पूरा काम

कोरोना संक्रमण के दौरान लागू लॉकडाउन से पहले शुरू हुए काम के अब तक पूरा नहीं होने से रेलवे के कंस्ट्रक्शन और इंजीनियरिंग विभाग के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान ट्रेनें बंद होने पर इस काम पूरा कर लेना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब यात्री ट्रेनों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है तो यात्रियों की परेशानी भी बढ़ रही है।

### मजबूरी में प्लेटफार्म क्रमांक 3 में लेनी पड़ती है ट्रेन

कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्रबंधक बृजपाल सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर शेड विस्तार का काम चल रहा है। काम को लेकर कोशिश रहती है कि इस प्लेटफार्म पर यात्री ट्रेनें नहीं लगे। कई बार प्लेटफार्म एक पर जगह नहीं होने के कारण ऐसी स्थितियां निर्मित होती है कि गाड़ी प्लेटफार्म तीन पर लगानी पड़ती है। वहीं पश्चिम मध्य रेलवे जोन जबलपुर के सीपीआरओ राहुल जयपुरियार बताते हैं कि प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर शेड विस्तार का काम कब पूरा होना है और यात्री सुविधाओं के लिहाज से क्या जरुरी है, इस पर संबंधित विभाग से जानकारी ली जाएगी।



# आबकारी विभाग ने नष्ट कराई डेढ़ लाख की शराब

## अवैध मदिरा के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 द्वारा ग्राम निमियाहार आधार काप तथा मच्छरीया डेरा में आबकारी उडनदस्ता बी टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार के नेतृत्व में कुल जप्ती 3210 किलोग्राम महुआ लाहन (लगभग 802 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा) तथा 8 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग एक लाख 61 हजार सात सौ रूपये है।

# निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने किया नवीन दायित्वों का आबंटन

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से निगम कार्यालय में कार्यरत एस.के.गर्ग उपयंत्री को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ पूर्व नगर सुधार न्यास की समस्त योजनाओं के लिए उपयंत्री तथा उक्त कार्य के हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सहायक लोक सूचना अधिकारी का दायित्व एवं कु. रेणुका कुशवाहा सहायक ग्रेड -3 को वर्तमान दायित्वों से मुक्त करते हुए पूर्व नगर सुधार न्यास योजनाओं के लिए लिपिकीय कार्यो का दायित्व प्रदान कर विभागाध्यक्ष के संपूर्ण अधीक्षण एवं नियंत्रण में नियमानुसार कार्य संपादन करनें हेतु निर्देश प्रदान किये है।

# अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण



**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र कटनी द्वारा जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित अंकुर कार्यक्रम में सहभागिता की जा रही है। मंगलवार को स्वयं सेवकों द्वारा जिले में एक साथ 60 से अधिक पौधे रोपित कर उनका पंजीकरण वायुदूत ऐप पर किया गया है। जिले के सभी विकासखंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों एवं युवा मंडलों, महिला मंडलों द्वारा ग्रामीण युवक-युवतियों को पौधारोपण के फायदे एवं पौधों की देखभाल की जरूरत से अवगत कराया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण, परिवेश को हरा भरा करने, अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई अंकुर योजना के बारे में गांव के प्रभावशाली युवाओं, लोगों एवं सक्रिय युवा मंडलों के सदस्यों को बताया जा रहा है तथा उनसे समन्वय कर पौधारोपण करने हेतु पौधों की व्यवस्था एवं जगह स्थल चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही, स्मार्ट फोन में वायुदूत ऐप डाउनलोड करा कर उसका प्रयोग बताया जा रहा है।

# सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने जारी है अभियान

## जिला चिकित्सालय में सफाई के बाद किया गया कीटनाशक का छिड़काव





**कटनी।** कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त द्वारा नगरवासियों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे। इसी कड़ी में गत दिवस जिला चिकित्सालय कटनी में साफ-सफाई के बाद कीटनाशक का छिड़काव भी कराया गया। वहीं नगर के मुख्यमार्गों, चौराहों के साथ-साथ मुक्तिधाम परिसर को भी स्वच्छ बनाया गया। यहां बेतरतीबी से उग आए खरपतवार की भी कटाई कर उसे विनिष्ट किया गया।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों की मुख्य एवं अन्य मार्गो तथा की सफाई व्यवस्था के तहत नदीपार से सूर्या होटल तक मुख्य मार्गो एवं डिवाईडर के किनारें घूल मिट्टी की सफाई, बस स्टेण्ड परिसर के विभिन्न स्थलों, नदीपार स्थित मुक्तिधाम परिसर, चांडक चौक, मिशन चौक, खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज से माई नदी तक मुख्य मार्ग की सफाई, झंडा बाजार के विभिन्न स्थलों, बरही रोड मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग, शहीद द्वार मुख्य मार्ग, स्टेट बेंक तिराहा प्वाइंट, चौपाटी फूल मंडी मार्ग की सफाई

### मार्गों और चौराहों के साथ मुक्तिधाम परिसर में भी की गई साफ-सफाई

उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, शासकीय चिकित्सालय परिसर की सफाई उपान्त कचरे के उठाव तथा कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य, विश्कर्मा पार्क कचरा प्वाइंट, कावस जी वार्ड की विभिन्न गलियों की सफाई एवं शमशान परिसर के अंदर की झाडियों की कटाई, विवेकानंद वार्ड स्थित राय मेडिकल गली, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित गुरूद्वारा रोड, बरगवां ओव्हर ब्रिज की नीचे स्थित डिवाईडर की सफाई, द्वारका सिटी गेट, माधवनगर गेट सैल्फी प्वाइंट की सफाई एवं आसपास रोड किनारे गाजर घांस की कटाई के साथ ही इंदिरा गांधी वार्ड रामनगर, आदर्श कॉलोनी में डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत वीर सावरकर वार्ड चौधरी मोहल्ला की विभिन्न नालियों, राष्ट्रीय राजमार्ग सैल्फी प्वाइंट के सामनें अशोक नर्सरी के आगे स्थित बडे नाले की सफाई, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर रोड के पीछे की नालियों, भट्टा मोहल्ला जोगनी माता मंदिर के समाने, हाउसि बोर्ड कॉलोनी डोमिनोज के सामनें नाली सफाई उपरान्त निकले कचरे के उठाव का कार्य के साथ साथ अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर पानी निकासी को सुगम बनाने के प्रयास किये गए।

**कार्यालय कलेक्टर - जिला कटनी मध्यप्रदेश एवं पदेन समुचित सरकार, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग अधिसूचना**

**(भू- अर्जन पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 के अंतर्गत)**

**प्रकरण क्रं. 02/अ-82/20-21** **कटनी, दिनांक - 11 जून 2021**

**प्रत्र क्रमांक /4235/जिला भू-अर्जन/अपर कले./2021** **कटनी दिनांक - 14/06/21**

चूंकि राज्य शाासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाते (1) से (4) में वर्णित भूमि के अनुसूची के खाते (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भू-अर्जन अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाते (5) में उल्लेखित अधिकारी को अनुसूची के खाने (6) में उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 के द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

चूंकि भारत सरकार रेल मंत्रालय से स्वीकृत जिला कटनी में ग्रेड सेपरेटर लाइन बायपास का निर्माण वृहद पुल तथा उसके उपर रेल यातायात व्यवस्था संबंध कार्य कराया जाना है, जो कि देश-प्रदेश हित, जन विकास की सार्वजनिक प्रयोजन संबंधी कार्य योजना है जिसमें भू-अर्जन कार्यवाही समय सीमा में वांछित है। म.प्र. शासन राजस्व विभाग मंत्रालय के आदंश क्रं. एफ-16-15-(1) 2014- सात-शा. 2ए, भोपाल दिनांक 29 सितम्बर 2014 में दी गई अधिकारिक क्षमता व भारत सरकार द्वारा जारी अध्यादेश राजपत्र दिनांक 31 दिसम्बर 2014 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में कलेक्टर कटनी प्राधिकृत समुचित सरकार द्वारा प्रकरण में भू-अर्जन अधिनियम 2013 के अध्याय II तथा III की कार्यवाही से विमुक्त किया गया है। द्वितीय अध्यादेश दिनांक 03.04.2015 में प्रावधानिकता अनुसार प्रस्तावित रकवा निर्माण योजना आवश्यकता के अनुरूप है। इस हेतु धारा 11(3) के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण रिर्पोट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

**अनुसूची**

| भूमि का विवरण | | | | धारा 11 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयेजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | लगभग क्षेत्रफल अर्जित रकवा हे. | | |
| कटनी | कटनी | पड़रिया प.ह.नं. 31 नं. बं. 208 | 0.39 | मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर | कटनी ग्रेड सेपरेटर बायपास लाईन के निर्माण हेतु |
| | | झलवारा प.ह.नं 30 नं.बं.153 | 0.83 | | |

2 - प्रस्तावित अर्जन क्षेत्र में कोई धार्मिक, संस्थान, स्मारक, मजार, मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान आदि प्रभावित नहीं होते, जिससे जनसंताप हो। 3- भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी कटनी के कार्यालय में किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**(प्रियंक मिश्रा)**

**कलेक्टर जिला कटनी एवं पदेन समुचित सरकार म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

**यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033**

**नाम सुधार**

मैं घोषणा कर्ता/सूचना देयता मुकेश कुमार मिश्रा (MUKESH KUMAR MISHRA) पिता स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, आयु 57 वर्ष निवासी सुभाष नगर, आयुध निर्माणी कटनी (म.प्र.) घोषित/सूचित करता हूं कि मेरा नाम आयुध निर्माणी कटनी के सर्विस रिकार्ड में मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम मुकेश कुमार मिश्रा (MUKESH KUMAR MISHRA) है, जो सत्य व सही है। तथा मेरे सभी औपचारिक दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में दर्ज है। अस्तु मेरा वास्तविक नाम मुकेश कुमार मिश्रा (MUKESH KUMAR MISHRA) है, इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

कटनी दिनांक- 14.07.2021
मुकेश कुमार मिश्रा
(MUKESH KUMAR MISHRA)
पिता स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा
घोषणाकर्ता/सूचना देयता

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

**त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

**मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हर्ष सक्सेना**

डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।

माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

**पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72**

# 10 साल में 3 लाख बढ़ गई जिले की आबादी

## बढ़ती प्रजनन दर बनी चिंता का विषय,प्रदेश के 25 अधिक प्रजनन दर वाले जिलों में कटनी भी शामिल

**कटनी।** देश के साथ ही जिले की बढ़ती आबादी अब चिंता का बड़ा विषय बन गई है। बढ़ती जनसंख्या का असर न सिर्फ संसाधन, विकास और रोजगार पर पड़ रहा है। जनसंख्या नियंत्रण के लिहाज से जिले में चल रहे अभियान भी काम नहीं आ रहे। प्रजनन दर 2.1 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए लेकिन कटनी में प्रजननद 3.1 से ऊपर पहुंच गई है। कटनी को मिशन परिवार विकास योजना में शामिल किया गया है। 25 जिलों में शामिल है, जिनमें कटनी कई जिलों से आगे वाला जिला है।




पिछले 10 सालों में अधिक जनसंख्या बढ़ी है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार ने कटनी जिले को मिशन परिवार विकास में विशेष रूप से शामिल किया है। वर्ष 2011 की सेंसेस रिपोर्ट के अनुसार जिले की आबादी 12 लाख 92 हजार 42 थी जो बढ़कर 15 लाख के ऊपर पहुंच गई है।

यह डाटा प्रदेश सरकार का अनुमानित है। जनसंख्या कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को लक्ष्य दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि शासन से लेकर स्वास्थ्य विभाग जागरूकता कार्यक्रम, नसबंदी कैम्प सहित विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके बावजूद जनसंख्या में इजाफा हो रहा है। सालभर में प्रति हजार 28 बच्चे जन्म ले रहे हैं जबकि मौत का आंकड़ा प्रति हजार 8 प्रतिशत ही है।

### दम तोड़ रहीं योजनाएं

मिशन परिवार विकास 2018 के तहत दो नए परिवार नियोजन कॉन्सेप्ट के साथ नसबंदी प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। मिशन के तहत गर्भनिरोधक साधनों में अंतरा इंजेक्शन की निर्धारित समयानुसार 4 डोज महिलाओं को दिया जाना था। इसके अलावा छाया टेबलेट का वितरण किया जाना था। लगभग तीन वर्ष इस योजना को शुरू हुए होने जा रहे हैं लेकिन अभी तक अभियान गति नहीं पकड़ पाया। प्रोत्साहन राशि बढ़ने पर भी लोग रुचि नहीं दिखा रहे।

### जिले की जनसंख्या के आंकड़ो पर एक नजर

-4 हजार 950 किलोमीटर के दायरे में फैला है कटनी जिला, मप्र की 1.78 प्रतिशत 2011 में थी कटनी की आबादी।

-2001 में एक हजार पुरुष में 941 महिला व 2011 में 952 हैं महिलाएं, 0 से 6 उम्र तक बच्चे-बच्ची में 939 रहा है अंतर।

-2011 में बच्चे 14.97, लड़के 15.07 व लड़कियों का 14.86 था प्रतिशत, लिंगानुपात सुधार में हुआ है बेहतर काम।

-डीपीओ नयन सिंह के अनुसार वर्ष 2018-19 में जन्म के समय बेटियों का लिंगानुपात 924 था, 2019-20 में यह बढ़कर 931 हुआ और वर्ष 2020-21 में यह बढ़कर हुआ है 937।

### 9 साल में ये है परिवार नियोजन की हकीकत

| वर्ष | लक्ष्य | एचीवमेंट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2012-13 | 8900 | 7139 | 56.24 |
| 2013-14 | 8900 | 7139 | 86.21 |
| 2014-15 | 12240 | 5932 | 48.46 |
| 2015-16 | 8900 | 6803 | 76.44 |
| 2016-17 | 9500 | 6007 | 64.40 |
| 2017-18 | 10050 | 6118 | 64.40 |
| 2018-19 | 10500 | 6117 | 58.00 |
| 2019-20 | 8902 | 7356 | 82.00 |
| 2020-21 | 6863 | 6567 | 95.00 |

### जनसंख्या वृद्धि रोकने ये हो रही कवायद

-नसबंदी ऑपरेशन
-पोस्ट सिस्टम
-अंतरा इंजेक्शन
-छाया टैबलेट वितरण
-पीपीआईयूसीडी कॉपर टी
-पोस्ट एबॉर्सन पीपीआईयूसीडी
-आईयूसीडी
-जागरूकता

### इनका कहना है

ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक किया जा रहा है, नसबंदी ऑपरेशन भी अधिक हो रहे हैं। लोगों को भी बढ़कर साझेदारी करनी होगी। मिशन परिवार विकास व परिवार नियोजन सहित अन्य योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा।

घनश्याम मिश्रा, डीपीएम।

# अवैध कॉलोनी बसाने पर दर्ज हुआ मामला

### ग्राम पंचायत चाका में चल रही थी मनमानी, कलेक्टर के आदेश पर हुई कार्रवाई

**कटनी।** शहरी क्षेत्र ही नहीं बल्कि शहर से लगी आसपास की पंचायतों में भी जमकर अवैध कॉलोनियां कटने लगी हैं। ऐसा ही एक मामला कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत चाका में सामने आया है। यहां पर एक कॉलोनाइजर नियमों को ताक में रखकर अवैध कॉलोनी बना रहा था। जिसकी शिकायत कलेक्टर के पास पहुंची। कलेक्टर ने मामले की जांच कराई। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर एसडीएम बलवीर रमण को कॉलोनाइजर के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चाका में बिना अनुमति व नियमों का पालन किए बगैर मोहम्मद मुस्तकीम निवासी ईश्वरीपुरा वार्ड द्वारा अवैध तरीके से कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा था। पटवारी हलका नंबर 23/40 राजस्व निरीक्षक मंडल मुड़वारा.-2 के अंतर्गत खसरा नंबर 113/3ए 113/6 रकबा 1.619, 2.023 हेक्टेयर में अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। कॉलोनाइजर के खिलाफ कुठला पुलिस ने मप्र पंचायत राज व ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एफआइआर दर्ज की है। कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम कार्यालय के रीडर ने थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है।

# एक दिन में रोपे गए 60 से अधिक पौधे

### राज्य शासन के निर्देश पर चला अंकुर कार्यक्रम

**कटनी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में शासन द्वारा आयोजित अंकुर कार्यक्रम में सहभागिता की जा रही है। गत दिवस स्वयंसेवकों द्वारा ज़िले में एक साथ 60 से अधिक पौधे रोपित कर उनका पंजीकरण वायदुत ऐप पर किया गया है। ज़िले के सभी विकासखंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों एवं युवा मंडलों महिला मंडलों द्वारा ग्रामीण युवक, युवतियों को पौधारोपण के फ़ायदों एवं पोधों की देखभाल की ज़रूरत से अवगत कराया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण, परिवेश को हरा भरा करने, अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गई अंकुर योजना के बारे में गाँव के प्रभावशाली युवाओं, लोगों एवं सक्रिय युवा मंडलों के सदस्यों को बताया जा रहा है तथा उनसे समन्वय कर पौधारोपण करने हेतु पौधों की व्यवस्था एवं जगह स्थल चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही स्मार्ट फ़ोन में वायदुत ऐप डाउनलोड करा कर उसका प्रयोग बताया जा रहा है। यह ग़ौरतलब है की राज्य सरकार द्वारा घोषित किया गया है कि प्रत्येक ज़िले से अंकुर योजना में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से चुने गये प्रतिभागियों को प्राणवायु पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक /1783/खाद्य/समग्र शाखा/2021 — कटनी, दिनांक – 13/07/2021

**आम सूचना**

नगरपालिक निगम कटनी सीमांतर्गत 45 वार्डों में नवीन परिसीमन अनुसार संशोधित नवीन वार्ड के हिसाब से ए.पी.एल. राशन कार्ड/ समग्र आई.डी. एवं एम–राशन मित्र पोर्टल पर नवीन वार्ड का नाम, वार्ड क्रमांक, पता, आदि के संशोधन की कार्यवाही की जा चुकी है।शहर के समस्त नागरिकगणों को सूचित किया जाता है कि जिनके ए.पी.एल. राशन कार्ड/ समग्र आई.डी. में नवीन वार्ड का नाम, वार्ड क्रमांक, पता आदि का संशोधन किसी कारणवश नहीं हो पाया है।ऐसे नागरिकगण अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगरपालिक निगम कटनी के पंजीयन (समग्र शाखा) में संपर्क कर आगामी 10 दिवस में नवीन परिसीमन अनुसार नवीन संशोधित वार्ड के हिसाब से ए.पी.एल. राशन कार्ड/ समग्र पोर्टल में प्रविष्टि करा सकते हैं।

(आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार)

**खाद्य /समग्र प्रभारी**
**नगरपालिक निगम, कटनी**

# संक्रमण पर नियंत्रण पाने किया जा रहा विसंक्रमित

**कटनी।** कोविड - 19 कोरोना संक्रमण के प्रसार पर पूर्ण रूप से लगाम लगानें एवं संभावित तीसरी लहर की सुरक्षा की दृष्टि से जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा व निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर के विभिन्न स्थलों में सैनेटाईजेशन कार्य कराया जाकर सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिड़काव किया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेनेटाईजेशन अभियान के तहत आज प्रातः कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित सरला नगर,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित गहोई कॉलोनी, पन्ना मोड मल्टी परिसर, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित मरही माता मंदिर गली तथा विगत संध्या जगमोहन दास वार्ड आधारकाप एवं ऑडिटोरियम परिसर में सोडियम



हाईपोक्लोराइड के घोल से सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया।

# अपर कलेक्टर ने बड़वारा में की स्वामित्व योजना की समीक्षा

### आबादी सर्वे कार्य में गति लाने के दिये निर्देश



**कटनी।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना के तहत सर्वे का कार्य जारी है। जिसके तहत जिले के ग्रामों में भूमि का सर्वे ड्रोन के माध्यम से किया जा रहा है। सर्वे के उपरांत मानचित्र व अभिलेख तैयार किये जायेंगे और तैयार अभिलेखों के आधार पर ग्रामीणों को संपत्ति कार्ड जारी किये जायेंगे। बुधवार को अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने बड़वारा तहसील अंतर्गत किये जा रहे आबादी सर्वे की समीक्षा की। बड़वारा में आयोजित बैठक में एडीएम ने सर्वे के दौरान अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही आबादी सर्वे के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। श्री टोप्पो ने योजना के तहत शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के आधार पर कार्य करने के निर्देश भी दिये। साथ ही इस संबंध में ग्रामीणों से दावे-आपत्तियां प्राप्त कर उन्हें निराकृत करने के लिये भी निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में एसडीएम बलबीर रमन सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# महिला डेस्क प्रभारियों का वन स्टॉप सेन्टर भ्रमण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम






**कटनी।** जिले में पुलिस थानों को महिलाओं के अनुकूल एवं सुलभता के साथ पहुँ च योग्यर बनाने तथा वांछित सहंयोग प्रदान करने 13 उर्जा महिला डेस्को स्थापित किए गए है । वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर द्वारा हिंसा से पीडित महिलाओं को निरंतर एक छत के नीचे विभिन्नत सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। पुलिस विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला हिंसा के विरूद्ध संयुक्त प्रयासों को बल देने, जिले के समस्त उर्जा महिला डेस्क प्रभारियों का वन स्टॉप सेन्टंर का भ्रमण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास,कटनी नयन सिंह द्वारा महिला अपराधों की रोकथाम में वन स्टॉप सेन्टरर कटनी एवं उर्जा हेल्पि डेस्क के महत्व को रेखांकित करते हुए अंतर्विभागीय प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। ततपश्चात सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास वन श्री कुर्वेती द्वारा उपस्थित प्रतिभागीयों से वन स्टॉनप सेन्टर के उददेश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न विभागों के उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई । तत्पश्चात् प्रशासक, वन स्टॉप सेन्टर सुषमा नाग, द्वारा सेंट्रल एवं महिला हेल्पनलाईन में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के बारे में बताया गया। महिला सेल प्रभारी सोनल शुक्ला द्वारा महिला अपराधों के प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं अंर्तविभागीय सहयोग पर चर्चा की गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | |
|---|---|
| 1 दिन | 150/- |
| 3 दिन | 250/- |
| 7 दिन | 500/- |
| 15 दिन | 1200/- |
| 30 दिन | 1800/- |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# मानूसन सक्रिय नहीं होने से पिछड़ी धान की बोनी

## जिले में अब तक 30 प्रतिशत बोनी, 16 फीसद बारिश, खेतों में धान की फसल सूखने की कगार पर

यश भारत
**खबर विशेष**

**कटनी।** आषाढ़ का महीना बीतने को है और मानूसन अभी तक पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुआ है, जिससे जिले में फसलों की बोनी का काम पिछड़ गया है। अभी तक केवल 30 प्रतिशत ही बोनी हो सकी है। इसमे भी जिन किसानों ने धान की बोनी कर दी थी, उनकी फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। कहीं-कहीं धान अंकुरित होने के बाद पर्याप्त पानी नहीं मिलने की वजह से खराब हो रही है। उधर कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कटनी जिले में जुलाई और अगस्त तक धान की रोपाई का काम चलता है, इसलिए किसानों को मानसून के पूरी तरह से सक्रिय होने के बाद ही धान की रोपाई में जुटना चाहिए। बारिश नहीं होने की वजह से गर्मी और उमस से लोगों को बुरा हाल हो रहा है। तेज धूप की वजह से मई जून जैसे हालात नजर आ रहे हैं।



इस साल मानसून ने सही समय पर दस्तक दे दी थी। जून के अंतिम सप्ताह में हर दिन बारिश हो रही थी। मौसम विशेषज्ञों ने भी इस साल मानसून के सही समय पर आने और अच्छीबारिश की भविष्यवाणर की थी लेकिन अभी तक बारिश के लिए सिस्टम तैयार नहीं हो सका है। आज जुलाई का आधा महीना भी बीत गया लेकिन अभी तक उतनी बारिश नहीं हो सकी है, जितनी इस समय तक हो जाती थी। बारिश नहीं होने से जहां किसान परेशान है, तो वहीं जिले की नदियां पूरी तरह से सूख गई हैं। कटनी नदी के कटाएघाट स्थित बैराज में जल स्तर तेजी से घट रहा है, जिससे नगर निगम प्रशासन को शहर में पेयजल आपूर्ति में कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। उधर तालाब और जलाशय में अब पानी कम हो गया है, जिससे मवेशियों को पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो रहा है। जल स्तर भी लगातार नीचे जा रहा है।



### पिछले साल से कम बारिश

आंकड़ों की बात करें तो जिले में अभी तक केवल 179.2 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है जबकि पिछले साल 2020 में अभी तक 244.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक जिले की कटनी तहसील में 117.2 मिलीमीटर, रीठी तहसील में 129.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 174.0 मिलीमीटर, बरही तहसील में 377.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ तहसील में 229.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 184.9 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद में 100.0 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा 134.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। इस तरह जिले में अब तक कुल औसत से 16 प्रतिशत ही बारिश दर्ज की गई है।

**कटनी जिले में बारिश का आंकड़ा**

| तहसील | इस वर्ष | पिछले वर्ष |
|---|---|---|
| कटनी | 117.2 मिमी | 377.0 मिमी |
| रीठी | 129.2 मिमी | 294.7 मिमी |
| बड़वारा | 174.0 मिमी | 189.0 मिमी |
| बरही | 377.0 मिमी | 431.0 मिमी |
| विजयराघवगढ़ | 229.1 मिमी | 223.0 मिमी |
| बहोरीबंद | 184.9 मिमी | 221.0 मिमी |
| स्लीमनाबाद | 100.0 मिमी | 146.0 मिमी |
| ढीमरखेड़ा | 134.1 मिमी | 98.1 मिमी |
| **कुल योग** | **179.2 मिमी** | **244.5 मिमी** |

नोट : जिले की सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर।

### किसानों ने कहा- एक सप्ताह में बारिश नहीं हुई तो होगा भारी नुकसान

#### पानी नहीं मिला तो सूख जाएंगी फसलें

बताया जाता है कि मानसून की दस्तक के साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने अपने खेतों में धान सहित अन्य फसलों की बोनी कर दी थी। इसके बाद मानसून सक्रिय हुआ और बारिश हुई तो धान की फसल अंकुरित हो गई लेकिन इसके बाद बारिश का सिलसिला रूक गया और तेज धूप निकलने लगी, जिससे धान और अन्य फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिल सका और ये फसलें अब सूखने की कगार पर पहुंच गई है। जिससे किसानों में चिंता देखी जा रही है। खरीफ फसलों की बुवाई करने वाले किसानों का कहना है कि अगर मानसून अगले एक सप्ताह तक नहीं आया तो उन्हें भारी नुकसान होगा।

#### इनका कहना है

इस साल 2 लाख 17 हजार हेक्टेयर खरीफ फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमे से धान की बोनी 1 लाख 90 हजार हेक्टेयर में की जाना है। अभी तक करीब 30 प्रतिशत फसलों की बोनी का काम हो चुका है। मानसून सक्रिय नहीं होने की वजह से सिकानों को सलाह दी गई है कि बारिश का सिलसिला शुरू होने के बाद ही खेतों में रोपाई का काम करें। वैसे भी कटनी जिले में रोपाई का काम जुलाई और अगस्त के महीने तक चलता है। **-ए के राठौर, उप संचालक कृषि**

**जिले में धान की बोनी का लक्ष्य (हेक्टेयर क्षेत्रफल में )**

| फसल | लक्ष्य |
|---|---|
| धान | 190 |
| मक्का | 2.8 |
| ज्वार | 0.1 |
| कोदो | 0.6 |
| उड़द | 6.0 |
| मूंग | 1.5 |
| अरहर | 3.8 |
| तिल | 12.5 |
| सोयाबीन | 0.2 |
| **योग** | **217.2** |

**कृषि विभाग के मुताबिक जिले में अभी तक 25-30 प्रतिशत बोनी**

### प्रभावी वेदर सिस्टम के एक्टिव नहीं होने से मानसून सक्रिय नहीं

मानसून टर्फ वर्तमान में सौराष्ट्र पर बने कम दबाव के क्षेत्र से उदयपुर, गुना, गोंदिया, जगदलपुर से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है, साथ ही अरब सागर से नमी मिलने का सिलसिला बना हुआ है। इस वजह से कहीं-कहीं छिटपुट बरसात हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है। इसके पूर्व 17-18 जुलाई से प्रदेश में तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में किसी प्रभावी वेदर सिस्टम के सक्रिय नहीं रहने से अपेक्षित बरसात नहीं हो रही है। वर्तमान में हवा का रुख पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से वातावरण को अपेक्षित नमी नहीं मिल रही है। इस वजह से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बदलकर वर्तमान में छत्तीसगढ़ के आसपास आ गया है। इससे अब हवा का रुख बदलकर पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिमी होने के आसार हैं। इससे बारिश की गतिविधियों में कुछ तेजी आने लगेगी।

# रेल पुल पर नई तकनीक से मिलेगी पानी के डेंजर लेबल की जानकारी

## पमरे के 18 पुलों पर स्थापित किया गया ऑटोमेटिक वॉटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम



**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल और कोटा के अंतर्गत नदियों में पड़ने वाले महत्वपूर्ण रेल पुलों के नदी के जलस्तर को मापने के लिए 18 पुलों पर ऑटोमेटिक वॉटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। मानसून के समय नदी के जलस्तर को मापने के लिए पुलों पर फ्लड गेज पेंट मार्क होता है। इस सिस्टम की सहायता से जलस्तर का लेवल खतरनाक डेंजर लेवल पर पहुंचने से 1-2 मीटर की दूरी के पहले ही अलर्ट के संदेश की जानकारी मिलेगी। इस प्रणाली से प्रतिदिन 8 बजे पुलों पर पानी के स्तर का अलर्ट संदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आता है। इस प्रणाली में सोलर एनर्जी का प्रयोग किया गया है। यह पूर्णतः माइक्रो प्रोसेसर एवं जीपीएस आधारित प्रणाली है, जो कि सेंसर के माध्यम से ऑटोमेटिक मॉनीटरिंग करता है। इन सभी मॉनीटरिंग का समय-समय पर मापांकन भी किया जाता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा मानसून के समय ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से चलने के लिए हमेशा ही नई तकनीक का प्रयोग करता रहा है।

### इन पुलों पर लगाया गया मॉनीटरिंग सिस्टम

जानकारी के मुताबिक जबलपुर मंडल के अंतर्गत 5 महत्वपूर्ण ब्रिजों मुख्यतः हिरन, कोपरा, बेरमी, नर्मदा, महानदी पर ऑटोमेटिक वॉटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। इसी तरह भोपाल मंडल के अंतर्गत 7 महत्वपूर्ण ब्रिजों माचक, ददूरा, नर्मदा, बेतवा, बीना नदी, काली सिंध, झकला, कोटा मंडल के अंतर्गत 6 महत्वपूर्ण ब्रिजों मुख्यतः सिपरा, छोटी कालीसिंध कालीसिन्ध, परबति, बानस, गंभीर पर ऑटोमेटिक वॉटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। पमरे में ऑटोमेटिक वॉटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित करने से मानसून के समय काफी फायदेमंद साबित होगा।

### ट्रेन संचालन की सरंक्षा में होगी वृद्धि

मानसून के समय ट्रेन संचालन की सरंक्षा में वृद्धि होगी। प्रतिदिन वॉटर लेवल की मॉन िटरिंग की जा सकती है। जलस्तर डेंजर लेवल पर पहुंचने से पहले अलर्ट का संदेश आने लगता है। 24 घंटे 7 दिन डेटा की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध रहती है। मुख्यालय और मण्डलों से भी मॉनीटरिंग की जा सकती है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा रेलों की संरक्षा एवं सुरक्षित संचालन के लिए नयी तकनीक के प्रयोग में हमेशा ही अग्रणी रहता है।

### प्रभारी मंत्री से मिले विधायक संजय पाठक



**कटनी।** मध्यप्रदेश के वित्तमंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने राजधानी भोपाल में सौजन्य भेंट कर प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा के कटनी जिले में अतिशीघ्र होने वाले 2 दिवसीय प्रवास एवं जिले के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# ढाबे में खड़ी बस से पर्स, मोबाइल व पायल चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी



**कटनी।** कटनी से भोपाल जा रही एक वीडियो कोच बस में चोरी का मामला सामने आया है। चोरी का वीडियो भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार वीडियो कोच बस बुधवार की रात भोपाल जा रही थी। चाका बाइपास में एक ढाबे के पास रुकी। यहां पर यात्री चाय-नाश्ता के लिए उतरे तभी एक बदमाश बस में चढ़ गया है। चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर ने एक पर्स, मोबाइल, पायल आदि लेकर चंपत हो गया है। हालांकि बस के अंदर लगे सीसीटीवी के कैमरों में चोर कैद हो गया। सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडया में वायरल हुआ है। युवक ने परिवार के साथ कुठला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने कहा कि शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा। हैरानी की बात तो यह है कि चोर गिरोह इस तरह से सक्रिय हो गए हैं। मौका पाते ही कहीं पर भी हाथ साफ कर रहे हैं।

# सालों से लापता युवक को खोज लाई बड़वारा पुलिस

## महाराष्ट्र के अहमदनगर में मिला नंहवारा का संतोष



**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम नंहवारा से लगभग एक वर्ष से लापता युवक को बड़वारा पुलिस अंततः खोज लाई है। सालों से लापता युवक महाराष्ट्र के अहमदनगर में पुलिस को मिल गया है। जिसे सकुशल कटनी लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। अपने लापता पुत्र को पाकर माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा तथा उन्होंने पुलिस को भी धन्यवाद दिया है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा के मुताबिक ग्राम नंहवारा चंद्रभान सिंह का युवा पुत्र संतोष सिंह लगभग एक वर्ष से लापता था। उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज थी लेकिन अब तक पुलिस उसको तलाशने में रूचि नहीं ले रही थी। बड़वारा थाने की कमान संभालने के बाद उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा ने संतोष को खोजने में रूचि ली और उसे महाराष्ट्र के अहमदनगर से सकुशल खोजकर कटनी ले आई। जिसके बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी** College Code 740(8) F/A200153
मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)
B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा )
छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश
संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480




पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)